MP Forest Department

कार्यालय सामान्य, वन मंडल छतरपुर म.प्र.

जवाहर रोड, छतरपुर (म.प्र.) 471001 ☎ 07682-245316 (O.), 245316 (Fax)
E-mail: dfochhatarpur@mpforest.org

क्रमांक/मा.चि./2016/1393 छतरपुर, दिनांक 27-4-16

प्रति,

उप वन मंडलाधिकारी,
छतरपुर/बिजावर

विषय :- केन–बेतवा लिंक परियोजना फेज–1 के वन विभाग से मंजूरी बाबत्।

संदर्भ :- अधिशासी अभियंता, राष्ट्रीय जल विकास प्राधिकरण, अन्वेषण प्रभाग, ए–3, सहयोग परिसर, ई–8, शाहपुरा मुख्य मार्ग, भोपाल का पत्र क./राजविअ/अप्रभो/तक–49/688 दिनांक 13.04.2016

---00---

संदर्भित पत्र से वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत वन मंडल छतरपुर अंतर्गत 337.58 हेक्टेयर वन भूमि पर केन–बेतवा लिंक परियोजना निर्माण प्रस्ताव इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

अतः आप स्थल जांच कर प्रतिवेदन देवें कि:–

1. आवेदित कक्ष के आवेदित स्थल में किस किस्म का कैसा जंगल है। कक्षवार वनघनत्व क्या है।
2. कक्ष के प्रति हे. औसत वृक्षों की संख्या प्रजातिवार क्या होगी विवरण सहित देवें। आवेदक के व्यय पर गणना कराकर प्रजातिवार गोलाईवार विस्तृत गणना पत्रक एवं मूल्यांकन पत्रक मय गोशवारा संलग्न करें।
3. कक्ष का क्षेत्र पहाड़ी, पठारी, सममतल ढालू मैदानी आदि के संबंध में टीप।
4. क्षेत्र दुर्लभ प्रजाति, महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल, प्राकृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण कोई धार्मिक देव स्थान का भाग तो नहीं है।
5. कक्ष में पाये जाने वाले वन्य प्राणी उनके रहवास के संबंध में टीप एवं पड़ने वाले प्रभाव का विवरण दें। वन्यप्राणी गणना वर्ष 2014 में पाए गए वन्यप्राणियों की प्रजातिवार गणना सूची संलग्न करें।
6. पर्यावरण भू–संरक्षण पर विपरीत प्रभाव तो नहीं पड़ेगा।
7. आवेदित कक्ष से जैव विविधता क्षेत्र, अभ्यारण्य तथा राष्ट्रीय उद्यान की दूरी क्या है।
8. आवेदित कक्ष तक आने जाने हेतु पूर्व निर्मित वन मार्ग, रास्ता आदि के संबंध में विवरण।
9. प्रस्ताव की पांच प्रतियां रेखांकित नक्शा की प्रतियों सहित भेजी जा रही हैं। नक्शों में क्षेत्र का रकबा सत्यापित कर प्रस्ताव की पांचों प्रतियां प्रतिवेदन के साथ वापस भेजें।
10. इस कार्यालय द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुसार वृक्षारोपण योजनाएं तैयार कर संलग्न प्रस्तुत करें।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार।

वन संरक्षक
सा. वन मण्डल छतरपुर म0प्र0

पृष्ठां.क्रमांक/मा.चि./2016/1394 छतरपुर, दिनांक 27.04.16

प्रतिलिपि :-
1. मुख्य वन संरक्षक, छतरपुर वृत्त, छतरपुर की ओर सूचनार्थ।
2. अधिशासी अभियंता, राष्ट्रीय जल विकास प्राधिकरण, अन्वेषण प्रभाग, ए–3, सहयोग परिसर, ई–8, शाहपुरा मुख्य मार्ग, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु। कृपया अधिनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को वन अधिकारियों के साथ आवेदित स्थल का मौका निरीक्षण कराने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें ताकि वन अधिकारी मौका जांच कर वांछित प्रतिवेदन इस कार्यालय को प्रस्तुत कर सकें।

वन संरक्षक
सा. वन मण्डल छतरपुर म0प्र0